आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार

दिनांक: 29.10.2024 समय : 01:00 पी.एम.

..............................

प्रधानमंत्री नरेन्द्र  मोदी ने आज विभिन्न् सरकारी विभागों और संगठनों में नव–चयनित 51 हजार से अधिक युवाओं को वर्चुअली नियुक्ति पत्र सौंपे। इसके लिए देशभर में चालीस स्थानों पर रोजगार मेले आयोजित किये गये। वीडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से आयोजन को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि युवाओं को स्थायी सरकारी नौकरियां देने के प्रयास किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार युवाओं को रोजगार अवसर उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।प्रदेश में जयपुर और जोधपुर में रोजगार मेलों का आयोजन हुआ। जोधपुर में महिला पीजी महाविद्यालय में आयोजित मेले में केन्द्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपे। वहीं जयपुर में हुए कार्यक्रम में केन्द्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल मौजूद रहे। उन्होने नव चयनित युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपने के बाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि ये रोजगार मेले केन्द्र सरकार द्वारा युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता दर्शाते है। केन्द्र सरकार के विभिन्न् मंत्रालयों और विभागों में नव–नियुक्त युवाओं को कर्मयोगी प्रारंभ के माध्यम से आधारभूत प्रशिक्षण प्राप्त् करने का अवसर मिलेगा। आई गोट कर्मयोगी पोर्टल पर ऑनलाइन मॉड्यूल और एक हजार चार सौ से अधिक पाठ्यक्रम उपलब्ध हैं, जो नव–नियुक्तो को विकसित भारत के निर्माण में प्रभावी सेवा के लिए आवश्यधक कौशल का प्रशिक्षण देंगे।

..............................

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज धनवंतरी जयंती और नवें राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस के अवसर पर नई दिल्ली से स्वास्थ्य संबंधी लगभग 12 हजार 8 सौ 50 करोड़ रुपये लागत वाली परियोजनाओं का उद्‌घाटन और शिलान्यास कर रहे है। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना में 70 वर्ष और इससे अधिक आयु के नागरिकों को शामिल करने की योजना का शुभारंभ भी करेंगे। इससे सभी आय वर्गों के वरिष्ठ नागरिकों के लिए स्वास्थ्य सुविधाएं सुलभ होंगी। स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए प्रधानमंत्री कई स्वास्थ्य संस्थानों का उद्‌घाटन और शिलान्यास करेंगे। प्रधानमंत्री यू–विन पोर्टल की भी शुरुआत करेंगे। इससे टीकाकरण प्रक्रिया डिजिटल बनेगी जिससे गर्भवती महिलाओं और शिशुओं को **फायदा** होगा। प्रधानमंत्री संबद्ध और स्वास्थ्य सेवा पेशेवरों तथा संस्थानों के लिए भी एक पोर्टल शुरु करेंगे। यह मौजूदा स्वास्थ्य सेवा पेशेवरों और संस्थानों के लिए केंद्रीकृत डेटाबेस होगा। इधर प्रदेश में भी आज विभिन्न स्थानों पर कई स्वास्थ्य सेवाओं की शुरूआत होने जा रही है। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा भरतपुर के आरबीएम अस्पताल में पीएम आयुष्मान भारत हैल्थ इफ्रास्ट्रेक्चर मिशन के तहत क्रिटिकल केयर ब्लॉक के शिलान्यास समारोह में भाग ले रहे है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वर्चुअली इसका शिलान्यास करेंगे। इसी तरह चित्तौडगढ के राजकीय मेडिकल कॉलेज में 50 बेड के क्रिटिकल केयर ब्लॉक और चूरू में भी क्रिटिकल केयर ब्लॉक के शिलान्यास का कार्यक्रम है।

..............................

लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के उपलक्ष्य में आज प्रदेश **सहित देशभर में** रन फोर यूनिटी का आयोजन किया गया। हर साल 31 अक्टूबर को होने वाली ये दौड इस बार दीपावली के चलते दो दिन पहले आयोजित की गई। इस दौड़ में देशभर के युवा, खिलाडियों और प्रसिद्ध हस्तियों के साथ केन्द्रीय मंत्री और जनप्रतिनिधि भी शामिल हुए। गृहमंत्री अमित शाह ने नई दिल्ली में मेजर ध्यानचन्द राष्ट्रीय स्टेडियम से दौड़ को झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर गृहमंत्री ने कहा कि एकता दौड़ केवल देश की एकता मजबूत करने का संकल्प, नहीं है, बल्कि यह विकसित भारत का भी संकल्प बन गया है। सरदार पटेल के योगदान को

याद करते हुए गृहमंत्री ने कहा कि उन्होंने संगठित भारत की स्थापना के लिए विभिन्न रियासतों को एक सूत्र में पिरोने में महत्वपपूर्ण भूमिका निभाई थी।
इधर प्रदेश में भी एकता दौड़ के आयोजन हुए। जयपुर के अमर जवान ज्योति से आयोजित दौड़ में मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा और खेल मंत्री राज्यवर्द्धन राठौड़, सांसद मंजू शर्मा सहित कई जनप्रतिनिधि, खिलाडी और बडी संख्या में युवा मौजूद रहे। इस दौरान लोगों को राष्ट्रीय एकता की शपथ भी दिलाई गई। जयपुर में कलक्ट्रेट परिसर में माल्यार्पण कार्यक्रम रखा गया, जिसमें सरदार पटेल को पुष्पाजंलि अर्पित की गई।

..............................

पांच दिवसीय दीपोत्सव की आज से विधिवत शुरूआत हो गई है। पहले दिन धनतेरस का त्यौहार मनाया जा रहा है। धनतेरस को आरोग्य के देवता भगवान धनन्वतरी से जोडा गया है। इस अवसर पर आयुर्वेद के जनक भगवान धन्वंतरि की पूजा कर उत्तम स्वास्थ्य की कामना की जा रही है। इसके साथ ही धन के देवता कुबेर की भी परम्परागत रूप से पूजा अर्चना की जाएगी।

..............................